

सांध्य दैनिक
# 4PM



जो कोई भी सीखना छोड़ देता है वो बूढ़ा है, चाहे वो बीस का हो या अस्सी का। जो कोई भी सीखता रहता है वो जवान है। दुनिया की सबसे महान चीज है अपने दिमाग को युवा बनाये रखना।
–हेनरी फोर्ड

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 8 ● अंकः 126 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, शनिवार, 11 जून, 2022



महान दल के अध्यक्ष को सपा ने... 8 | लोक सभा उपचुनावः सीएम योगी... 3 | बिना भेदभाव हर वर्ग को सरकार... 7


# बवाल के बाद एक्शन में सरकार उपद्रवियों पर कसा शिकंजा

## प्रयागराज हिंसा का मास्टर माइंड जावेद हिरासत में, अब तक 230 गिरफ्तार

» सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, प्रभावित जिलों में भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात

» नूपुर शर्मा के विवादित बयान को लेकर कल कई जिलों में हुई थी हिंसा, आगजनी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के कई जिलों में हुए हिंसक प्रदर्शन को लेकर योगी सरकार एक्शन में आ गयी है। पुलिस ने उपद्रवियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रयागराज हिंसा के मास्टर माइंड मोहम्मद जावेद उर्फ जावेद पंप समेत अब तक 230 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उपद्रवियों को चिन्हित करने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। प्रभावित जिलों में भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं।

पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की विवादित टिप्पणी को लेकर कल जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के कई जिलों में हिंसक प्रदर्शन हुए। प्रयागराज, हाथरस, मुरादाबाद, फिरोजाबाद और अंबेडकरनगर में उपद्रवियों ने जमकर बवाल किया। बवाल पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बाद पुलिस उपद्रवियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर रही है।



### एक भी दोषी न बचें, निर्दोष का न हो उत्पीड़नः सीएम योगी



सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में माहौल बिगाड़ने के लिए हुए अराजक प्रयासों में शामिल समाजविरोधी तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी। ऐसे असामाजिक लोगों के लिए सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि यह ध्यान रखें कि किसी भी निर्दोष का उत्पीड़न न हो लेकिन दोषी एक भी न बचें।

### उपद्रवियों से की जाएगी वसूलीः प्रशांत कुमार



एडीजी, लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि जिन भी प्रदर्शनकारियों ने बवाल काटा है, उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर एनएसए के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। तोड़फोड़ करने वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर लिया गया है जो भी सरकारी और प्राइवेट संपत्ति की क्षति हुई है उसकी वसूली की जाएगी। उनकी प्रॉपर्टी को जब्त किया जाएगा।

प्रयागराज से 70, हाथरस से 50, सहारनपुर से 48, मुरादाबाद से 25, फिरोजाबाद से आठ तथा अंबेडकरनगर से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी के खिलाफ पथराव, माहौल बिगाड़ने तथा लोगों को भड़काने का आरोप है। प्रयागराज के एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि मोहम्मद जावेद उर्फ जावेद पंप हिंसा फैलाने का मुख्य आरोपी है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जावेद के मोबाइल फोन में 10 जून को भारत बंद से जुड़ी और लोगों भड़काने वाली सामग्री मिली है।

### कानपुर में उपद्रवियों से जुड़े लोगों के अवैध निर्माण पर चलने लगा बुलडोजर



कानपुर। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन जून को मौजूदगी में जुमे की नमाज के बाद बवाल करने वालों पर प्रदेश सरकार का शिकंजा कसने लगा है। कानपुर में उपद्रवियों से जुड़े लोगों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलना शुरू हो गया है। आज केडीए उपाध्यक्ष अरविंद सिंह के आदेश पर केडीए का अमला भारी फोर्स के साथ बेनाझाबर स्थित कारोबारी मोहम्मद इश्तियाक की अवैध बिल्डिंग पर बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। कहा जा रहा है कि ये बिल्डिंग अवैध रुप से बनी थी तथा इसके ढहाने का आदेश पहले ही हो चुका था। वहीं पिछले दिनों हुई हिंसा के पीछे मास्टर माइंड हयात जफर हाशमी का मोहम्मद इश्तियाक रिश्तेदार बताया जा रहा है। केडीए ओएसडी अवनीश सिंह ने बताया कि आवासीय में इश्तियाक का नक्शा दर्ज है लेकिन पूरी बिल्डिंग को कॅमर्शियल बना दिया गया। 130 वर्ग मीटर जमीन के अलावा रोड पर करीब 10 वर्ग मीटर अवैध निर्माण किया गया था इसलिए अवैध हिस्सा गिराने की कार्रवाई की गई।

# एलडीए के पूर्व सचिव रामविलास के ठिकानों पर छापेमारी, मचा हड़कंप

» लखनऊ स्थित आवास को भी खंगाल रही उत्तराखंड की विजिलेंस टीम

» उत्तराखंड में अपर सचिव पद पर हैं तैनात, आय से अधिक संपत्ति का है मामला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। आय से अधिक संपत्ति मामले में उत्तराखंड की विजलेंस टीम ने आज उत्तराखंड के समाज कल्याण, कृषि व ग्राम्य विकास विभाग के अपर सचिव और एलडीए के पूर्व सचिव रामविलास यादव के लखनऊ आवास समेत कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। आईएएस रामविलास यादव के खिलाफ उत्तर प्रदेश शासन ने ही जांच कराने के लिए जरूरी दस्तावेज उत्तराखंड सरकार को भेजे थे।

उत्तराखंड की विजिलेंस टीम ने आज आईएएस रामविलास यादव के पुरनिया स्थित दिलकश विहार रानी कोठी सीतापुर रोड लखनऊ, गुडम्बा व कुर्सी रोड स्थित जनता विद्यालय में छापेमारी की है। इसके अलावा गाजीपुर, गाजियाबाद व देहरादून के ठिकानों पर भी छापेमारी की है। रामविलास पूर्व में सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण और एडिशन डायरेक्टर मंडी परिषद रह चुके हैं। वह वर्तमान में समाज कल्याण, कृषि व ग्राम विकास विभाग उत्तराखंड में अपर सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उनके खिलाफ विजलेंस उत्तराखंड ने एफआईआर दर्ज की थी। विजिलेंस टीम ने आईएएस यादव को पूछताछ के लिए बुलाया लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए थे।

# अपने विधायक की क्रॉस वोटिंग पर भड़की कांग्रेस, कार्रवाई की तैयारी

» कुलदीप बिश्नोई ने हरियाणा में राज्य सभा चुनाव में की थी क्रॉस वोटिंग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। कांग्रेस हरियाणा में राज्य सभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायक कुलदीप बिश्नोई को सीडब्ल्यूसी (विशेष आमंत्रित) की सदस्यता से हटाने और उन्हें पार्टी से निलंबित करने की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि बिश्नोई की विधान सभा सदस्यता रद्द करने के लिए हरियाणा असेंबली के स्पीकर को कांग्रेस की ओर से पत्र भी लिखा जाएगा।



हरियाणा में राज्य सभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव में हिसार के आदमपुर से कांग्रेस विधायक कुलदीप बिश्नोई ने कांग्रेस प्रत्याशी अजय माकन के विरोध में वोट किया था। उन्होंने भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी कार्तिकेय शर्मा के पक्ष में मतदान किया। कांग्रेस के एक विधायक का वोट रद्द हो गया, जिससे अजय माकन को 31 में से 29 वोट ही मिले और वह चुनाव हार गए। इसके बाद कुलदीप बिश्नोई ने ट्वीट किया, 'फन कुचलने का हुनर आता है मुझे, सांप के खौफ से जंगल नहीं छोड़ा करते।'

# आजम खां की फिर बढ़ीं मुश्किलें अब ईडी ने दर्ज किया नया केस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। जल निगम भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सपा नेता आजम खां के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया है। ईडी ने जल निगम भर्ती घोटाले की जांच शुरू करने के साथ ही निगम प्रशासन से कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। हाल ही में जेल से रिहा हुए आजम के खिलाफ ईडी के लखनऊ जोन ने एसआईटी की चार्जशीट के आधार पर यह नया मुकदमा दर्ज किया है। ईडी द्वारा नया केस दर्ज करने से आजम की मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत केस दर्ज करने के बाद ईडी ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस क्रम में ईडी ने जल निगम प्रबंधन से भर्ती प्रक्रिया के दौरान जल निगम में प्रमुख पदों पर तैनात रहे अफसरों की जानकारी मांगी है। दरअसल, नगर विकास मंत्री होने के साथ आजम जल निगम के अध्यक्ष भी थे। उन्होंने अध्यक्ष होने के नाते ही जल निगम में भर्ती को मंजूरी दी थी, लेकिन एसआईटी की जांच टीम ने जब पूछताछ की थी तो उन्होंने भर्ती घोटाले के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए खुद को निर्दोष बताया था। हालांकि एसआईटी ने जांच में आजम और जल निगम के तत्कालीन प्रबंध निदेशक पीके आसुदानी को दोषी ठहराते हुए चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है। ईडी पहले से ही आजम के खिलाफ जौहर विश्वविद्यालय, शत्रु संपत्तियों और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामलों की जांच कर रही है। इन मामलों में आजम के खिलाफ 2019 में ही मुकदमा दर्ज हुआ था। अब जल निगम में भर्ती घोटाले का एक और नया मामला जुड़ गया है। गौरतलब है कि सपा शासन में जल निगम में सहायक अभियंता, अवर अभियंता और लिपिकों के करीब 1342 पदों पर भर्ती हुई थी। लेकिन अधिक नंबर पाने के बाद भी कम नबंर वाले अभ्यर्थियों का चयन किया गया था। इस पर ज्यादा नंबर पाने के बावजूद चयन से वंचित अभ्यर्थियों ने सवाल उठाया था। वर्ष 2016 में यह मामला सामने आया तो हाईकोर्ट के आदेश पर सरकार ने अभ्यर्थियों की शिकायत की जांच एसआईटी को सौंप दी थी। एसआईटी की जांच में दोषी पाए जाने के बाद शासन ने आजम एवं अन्य अफसरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए थे। विवेचना के बाद एसआईटी ने सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दायर की है।

# भाजपा समर्थित प्रत्याशी को हराकर राज्य सभा पहुंचे प्रमोद तिवारी

» 10 बार रामपुर खास से रहे हैं विधायक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में अगर कांग्रेस का नाम आता है तो गांधी परिवार के बाद प्रमोद तिवारी का नाम आता है। एक बार फिर प्रमोद तिवारी राज्य सभा सदस्य का चुनाव जीत चुके हैं। इस बार प्रमोद तिवारी राजस्थान से उच्च सदन पहुंचे हैं। उन्होंने भाजपा समर्थित सुभाष चंद्रा को हराया है। कांग्रेस और भाजपा की टक्कर के बीच प्रमोद तिवारी को 41 वोट मिले और वह जीत गए। भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी सुभाष चंद्रा को 30 वोट मिले। चुनाव की अगर बात करें तो प्रमोद तिवारी आज तक कभी कोई चुनाव हारे ही नहीं है।

वह उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की रामपुर खास विधानसभा से 10 बार कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव जीते हैं। प्रतापगढ़ की रामपुर खास विधानसभा में 41 साल से एक ही पार्टी का कब्जा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी पहली बार 1980 में मैदान में कूदने के बाद लगातार 34 सालों तक यहां से विधायक रहे। 2014 में निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद प्रमोद ने यह सीट अपनी बेटी आराधना मिश्रा मोना को सौंप दी। उपचुनाव में आराधना को जीत मिली। इसके बाद 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भी रामपुर खास से ही आराधना मिश्रा मोना ने जीत दर्ज की। किसान परिवार में जन्मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने 1980 में पहली बार जीत दर्ज की। उसके बाद उन्होंने आज तक किसी दल को खाता नहीं खोलने दिया। प्रमोद तिवारी इस सीट से 10 बार विधायक रहे।

# पूर्वजों की याद में स्कूलों को दान करें जरूरी चीजें : दुर्गा शंकर

» स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि सभी के सहयोग से परिषदीय स्कूलों का कायाकल्प कराएं। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, राजपत्रित अधिकारियों व विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने ये निर्देश बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

कहा अगर कोई व्यक्ति अपने पूर्वजों की याद में विद्यालयों को भवन, उद्यान, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, फर्नीचर आदि दान में देना चाहे तो दे सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में आधारभूत संरचना, शिक्षा और स्वच्छता को लेकर एक-दूसरे से बेहतर बनने की प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। उन्होंने 30 जून तक सभी विद्यालयों में पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा, विद्यालयों में डेस्क, बेंच, दिव्यांग मैत्रिक शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था हो। वहीं जिन विद्यालयों में बिजली की सुविधा नहीं है, उन्हें सोलर पैनल से जोड़ा जाए। मुख्य सचिव ने विद्यालयों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा, गंदगी कई बीमारियों की जड़ है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को हाथ धोने, परिसर की साफ-सफाई का ज्ञान देना भी जरूरी है।

# सपा डूबता हुआ जहाज : बृजेश पाठक

» धीरे-धीरे सभी सहयोगी दल हो जाएंगे बाहर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एक दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुचे। यहां उन्होंने केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की जनसभा को संबोधित किया। साथ ही जिले में बने बीजेपी कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन अवसर पर मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों का गुणगान किया और कहा की यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से संभव हुआ।

जनसभा के बाद समाजवादी पार्टी के महान दल से अलग होने के सवाल पर कहा कि सपा एक डूबता हुआ जहाज है। धीरे-धीरे सभी दल सपा से बाहर हो जाएंगे। रायबरेली क्लब में आयोजित लाभार्थियों की सभा में गरीब कल्याण योजनाओं का जिक्र किया और कहां की, हर गरीब को उनका हक मिल रहा है। सभा के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक त्रिपुला चौराहे के पास महाराजगंज रोड पर बने नए बीजेपी कार्यालय पर पहुंचे। इसका उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा वर्चुअली किया गया। वहीं ब्रजेश पाठक ने नवनिर्मित बीजेपी कार्यालय के भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। डिप्टी सीएम ने जनसभा में आए लोगों का आभार जताया।

## प्रयागराज में डिप्टी सीएम की क्लॉस में फेल हो गए अफसर

प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक प्रयागराज में नायक फिल्म के हीरो अनिल कपूर की भूमिका में नजर आए। सर्किट हाउस में जिले के आला अफसरों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। डिप्टी सीएम की क्लास में कई अफसर फेल हो गए। बृजेश पाठक ने जब अफसरों से सवाल करना शुरू किया तो अफसर इधर उधर देखने लगे। जल निगम के अधिशासी अभियंता कुलदीप प्रजापति से डिप्टी सीएम ने पूछा कि गांव की जनता को शुद्ध पानी मिल रहा है कि नही? तो अधिशासी अभियंता ने तपाक से जवाब दिया, जी सर। डिप्टी सीएम ने कहा, किसी गांव के प्रधान या ग्रामीण से बात कराके इसकी पुष्टि कराएं? तो वह चुप हो गए। उन्होंने यह सवाल डीपीआरओ आलोक सिन्हा से पूछा तो वह एक भी प्रधान या जनता से बात नहीं करा सकें। अधिकारियों की लापरवाही व तैयारी से समीक्षा बैठक में न आने पर फटकार लगाई। बोले, ऐसे नहीं चलेगा, काम करना होगा।

## बामुलाहिजा

कार्टून: हसन जैदी



# राज्य कर्मियों का डीए तीन प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी

» प्रस्ताव तैयार, जुलाई से हो सकता है लागू

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) शीघ्र ही 3 प्रतिशत बढ़ेगा। इसके लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव तैयार हो रहा है। माना जा रहा है कि जुलाई से इसे लागू कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार महंगाई सूचकांक के आधार पर साल में दो बार डीए में वृद्धि करती है। पहली बार एक जनवरी और दूसरी बार एक जुलाई से लागू होती है। आम तौर पर राज्य सरकार भी केंद्र के बराबर ही डीए में वृद्धि करती है। जनवरी में केंद्र ने डीए में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी, लेकिन राज्य कर्मियों के लिए यह वृद्धि अभी नहीं की गई है। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, मूल वेतन पर डीए को 31 प्रतिशत से बढ़ाकर 34 प्रतिशत करने की तैयारी है। इसका लाभ नियमानुसार पेंशनर्स को भी मिलेगा। डीए का एरिअर पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे राज्य कर्मियों के जीपीएफ खाते में भेजा जाएगा, जबकि नई पेंशन स्कीम का लाभ ले रहे कर्मचारियों के लिए उस मूल्य की एनएससी खरीदनी होगी।



# लोक सभा उपचुनाव: सीएम योगी व राजनाथ के साथ प्रचार करेंगे 24 मंत्री

» आजमगढ़ व रामपुर में भाजपा ने झोंकी ताकत

» घनश्याम लोधी व निरहुआ पर पार्टी ने लगाया है दांव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 75 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य तय कर चुकी भारतीय जनता पार्टी एक-एक सीट को लेकर गंभीर है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि रामपुर व आजमगढ़ की दो लोक सभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में भी भाजपा पूरी ताकत झोंकने जा रही है। कुल 40 स्टार प्रचारक बनाए गए हैं, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद और संगठन पदाधिकारी लगाए गए हैं।

विधान सभा चुनाव में मैनपुरी की करहल सीट से जीते सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आजमगढ़ से सांसदी छोड़ दी जबकि रामपुर सदर से विधायक चुने गए मो. आजम खां ने रामपुर लोक सभा सीट छोड़ दी। इस कारण दोनों संसदीय सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। भाजपा ने रामपुर से घनश्याम लोधी तो आजमगढ़ से भोजपुरी स्टार दिनेश लाल निरहुआ को प्रत्याशी बनाया है। यादव-मुस्लिम वोट अधिक होने से यहां सपा तुलनात्मक रूप से मजबूत मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा ने भी यहां पूरा दमखम लगाने का मन बना लिया है। एक दिन पहले जारी हुई पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची ने इस उपचुनाव के रोमांच की जमीन तैयार कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा केंद्रीय मंत्रियों में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, डा. महेंद्र नाथ पांडेय, मुख्तार अब्बास नकवी, साध्वी निरंजन ज्योति, प्रो. एसपी सिंह बघेल, कौशल किशोर, पंकज चौधरी और बीएल वर्मा स्टार प्रचारक होंगे। प्रदेश सरकार के मंत्रियों में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, सूर्यप्रताप शाही, धर्मपाल सिंह, बेबीरानी मौर्य, एके शर्मा, नंदगोपाल गुप्ता नंदी, अनिल राजभर, जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह, असीम अरुण, गिरीश यादव, जसवंत सिंह सैनी, बलदेव औलख और विजय लक्ष्मी गौतम को प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी प्रकार सांसदों में विनोद सोनकर, रवि किशन, सकलदीप राजभर, हरिनारायण राजभर, प्रवीण निषाद, रविंद्र कुशवाह और संगीता यादव प्रचार करेंगी। संगठन के वरिष्ठ नेता भी प्रचार अभियान में पसीना बहाएंगे। खुद प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह के अलावा सह-प्रभारी सुनील ओझा, संजीव चौरसिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, पश्चिम के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल, गोरखपुर क्षेत्र के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भी इस सूची में हैं।



## मायावती का पूरा फोकस आजमगढ़ पर

बसपा रामपुर से चुनाव नहीं लड़ रही है तो ऐसे में पूरा फोकस आजमगढ़ पर किया जाएगा। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी कहा है कि इस चुनाव को मजबूती से लड़ा जाएगा। पार्टी का प्रयोग आजमगढ़ में सफल रहा तो माना जा सकता है कि 2024 के चुनाव में मुस्लिमों का रुझान बसपा की तरफ आ सकता है। मायावती बार-बार मुस्लिमों को यह संदेश दे रही हैं कि दलितों के साथ आए बगैर बात बनने वाली नहीं है। विधान सभा चुनाव यह साबित कर चुका है। आजमगढ़ उप चुनाव में भी यही संदेश दिया जाएगा।

## लोक सभा उपचुनाव को लेकर हाई अलर्ट

आजमगढ़ और रामपुर लोक सभा सीट पर 23 जून को उपचुनाव होना है। कानपुर हिंसा को देखते हुए राज्य से लेकर केंद्र सरकार अलर्ट है। उपचुनाव के चलते दोनों जिलों में सीएपीएफ यानी सेंट्रल ऑर्म्ड पुलिस फोर्सेज के जवान पहुंचना शुरू हो गए हैं। आजमगढ़ में सीएपीएफ की 68 कंपनी यानी 6800 जवान और रामपुर में 72 कंपनी यानी 7200 जवान उपचुनाव में सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। जिला पुलिस और पीएसी के जवान भी तैनात होंगे। पुलिस अफसरों ने बताया कि पहले चुनाव के समय केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की दो-तीन कंपनियां ही दो हफ्ते पहले आती थीं। बाकी फोर्स चुनाव के तीन दिन पहले आती थी। इस बार पहली बार ऐसा हो रहा है कि दो हफ्ते पहले ही केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लगभग 14 हजार जवानों को दोनों लोक सभा के लिए रवाना कर दिया गया है।

## एक-एक बूथ पर तैनात होंगे जवान


मार्च-2022 में हुए विधान सभा चुनाव में आजमगढ़ की सभी 10 सीटों पर सपा गठबंधन ने क्लीन स्वीप किया था। वहीं रामपुर की 5 सीटों में से 3 पर सपा ने जीत दर्ज की थी। जानकारों का कहना है कि दोनों ही लोक सभा क्षेत्र में विधान सभा चुनाव में मिली सफलता से सपा उत्साहित है। दावा भाजपा की ओर से भी कमजोर नहीं है। प्रदेश सरकार लोक सभा उपचुनाव के दौरान दोनों ही जिले में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है इसलिए प्रदेश सरकार के अनुरोध पर उपचुनाव के लिए सीएपीएफ के 14 हजार जवानों को दो हफ्ते पहले ही दोनों जिलों में भेजने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के यह जवान मतदान के दौरान एक-एक बूथ पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा रोजाना रूट मार्च और लॉ एंड ऑर्डर संबंधी अन्य कामों में सहयोग लिया जाएगा। उपचुनाव के दौरान गड़बड़ी का प्रयास करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

# अब ग्रामीण पर्यटन को रफ्तार देने की कवायद, सरकार ने तैयार किया प्लान

» जिलों के गांवों को पर्यटन केंद्र के रूप में किया जाएगा विकसित

» शिल्प के साथ लोक संगीत और स्थानीय व्यंजन भी होंगे उपलब्ध

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। अब प्रदेश सरकार ग्रामीण पर्यटन को भी रफ्तार देने की तैयारी में जुट गयी है। सरकार ने पर्यटन का दायरा बढ़ाने के लिए प्लान तैयार कर लिया है। ग्रामीण पर्यटन का विस्तार करने के लिए पर्यटन विभाग विशेषज्ञों और सलाहकारों का एक पैनल तैयार कर रहा है। यह सभी प्रत्येक जिले या फिर शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों के पास एक या दो गांव को ग्रामीण पर्यटन केन्द्र के रूप में समृद्ध करेंगे।

उत्तर प्रदेश में आने वाला पर्यटक अब सिर्फ आगरा, लखनऊ, वाराणसी तथा प्रयागराज तक ही नहीं सीमित रहेगा। सरकार अब ग्रामीण पर्यटन पर भी फोकस कर रही है जिससे पर्यटक कुशीनगर, चित्रकूट, मथुरा, गोरखपुर, बलिया तथा अन्य नगरों में भी पर्यटन का आनंद लेगा। प्रदेश का पर्यटन विभाग टेराकोटा के लिए प्रसिद्ध गोरखपुर के औरंगाबाद गांव और दशहरी आम के लिए काफी विख्यात लखनऊ के मलिहाबाद गांव को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाने के प्रयास में है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार जिलों के गांवों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए स्थानीय उत्पादों की भी व्यापक ब्राडिंग करेगी। वहां के शिल्प के साथ ही लोक संगीत, व्यंजन, जैविक खेती, फार्म, हर्बल गांव तथा योग केन्द्र को समृद्ध किया जाएगा। सरकार का फोकस ग्रामीण पर्यटन केन्द्र को समृद्ध कर रोजगार के बड़े अवसर भी पैदा करने का है। सरकार पर्यटन को वैश्विक और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के बीच में लाकर उत्तर प्रदेश को एक मजबूत सांस्कृतिक विस्तार के रूप में स्थापित करेगा। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन लम्बे समय से स्थापित है। अब ग्रामीण पर्यटन केन्द्र को विकसित कर उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटकों को विरासत तथा विविध प्राकृतिक आकर्षण से भी रूबरू कराने की योजना बना रही है। वर्तमान में विश्व पर्यटन परिदृश्य में धार्मिक पर्यटन केन्द्र बहुत व्यापक भूमिका में नहीं है। उत्तर प्रदेश के सभी गांवों में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक छटा है। उत्तर प्रदेश के हर नुक्कड़ पर कथाओं की समृद्धि को प्रभावी ढंग से स्थापित करने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में पवननगर गांव को निर्वाण भूमि माना जाता है। माना जाता है कि भगवान महात्मा बुद्ध ने अपना अंतिम भोजन यहीं खाया था। बांदा का सरबाई गांव योद्धा बीरन की प्रेम कहानी का जश्न मनाने के लिए विख्यात है। यहां पर हर संक्रांति पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस जगह में दंपति के समर्पित एक मंदिर है। इस तरह के तमाम स्थलों पर सरकार फोकस कर रही है।

## इन स्थलों पर हो रहा तेजी से विकास

उत्तर प्रदेश में अयोध्या, मथुरा, कुशीनगर, चित्रकूट जैसे केन्द्रों के विकास के साथ पर्यटन परिदृश्य बहुत तेजी से बदल रहा है। अब उत्तर प्रदेश में बेहतर एयर कनेक्टिविटी के साथ एक्सप्रेस-वे से लोगों की हर जगह पर पहुंच काफी आसान हो गई है। गांवों की संख्या के साथ वहां की सुविधाओं भी वृद्धि हुई है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने से ग्रामीण इलाकों में रोजगार सृजन भी होगा।

## होम स्टे को भी करेंगे शुरू

उत्तर प्रदेश का पर्यटन विभाग ग्रामीणों को होम स्टे शुरू करने के लिए भी प्रोत्साहित करेंगे, जिसके लिए उन्हें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और होटल उद्योग के विशेषज्ञ सलाह देंगे।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# खाद्यान्न संकट पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मायने

**“ संयुक्त राष्ट्र की ग्लोबल क्राइसिस रेस्पॉन्स ग्रुप रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में लोग पैसे, खाने और ऊर्जा के संकट का सामना कर रहे हैं। खाद्यान्न एवं खाद की कीमतों में इजाफा जारी रहा तो अगले साल संकट की स्थिति पैदा हो सकती है। गेहूं, मक्का और सब्जी समेत कई खाद्य पदार्थों की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। इससे करीब दो अरब लोग प्रभावित होंगे।**

*दुनिया के तमाम देशों में खाद्यान्न संकट गहराता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने साफ कर दिया है कि यही हाल रहा तो अगले साल यह संकट और बड़ा हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की ग्लोबल क्राइसिस रेस्पॉन्स ग्रुप रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में लोग पैसे, खाने और ऊर्जा के संकट का सामना कर रहे हैं। खाद्यान्न एवं खाद की कीमतों में इजाफा जारी रहा तो अगले साल संकट की स्थिति पैदा हो सकती है। गेहूं, मक्का और सब्जी समेत कई खाद्य पदार्थों की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। इससे करीब दो अरब लोग प्रभावित होंगे। सवाल यह है कि पूरी दुनिया के सामने खाद्यान्न संकट क्यों उत्पन्न हो गया? क्या कोरोना व रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण हालात बिगड़े हैं? क्या संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट से दुनिया के शक्तिशाली देश सबक लेंगे? क्या इन देशों को रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयास नहीं करने चाहिए? क्या भारत भी खाद्यान्न संकट की चपेट में आ सकता है? क्या भारत सरकार ने इससे निपटने के लिए कोई रणनीति तैयार की है?*

*कोरोना ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। रही-सही कसर रूस-यूक्रेन जंग ने पूरी कर दी है। पिछले तीन महीने से जंग जारी है। इसके कारण दुनिया भर में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में इजाफा हुआ है। गेहूं की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी हैं। यूक्रेन दुनिया के सबसे बड़े गेहूं उत्पादक देशों में से एक है। यहां से यूरोपीय व अन्य देशों को गेहूं निर्यात किया जाता है लेकिन जंग ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। यहां के खेत वीरान हो चुके हैं। लाखों किसान पलायन कर चुके हैं। ऐसी स्थिति में यहां गेहूं के उत्पादन की संभावना दूर-दूर तक नहीं दिख रही है। ऐसे में दुनिया में भूख का संकट बढ़ रहा है और यदि कोई उपाय नहीं किए गए तो इसमें और इजाफा होगा। भारत ने भी गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस पर जी-7 देशों ने ऐतराज जताया है लेकिन भारत कोरोना के दौरान अपने यहां मुफ्त राशन योजना चला रहा है ऐसे में यदि वह निर्यात करता है तो उसे अपनी कल्याणकारी योजनाओं को पूरा करने में समस्या आएगी। लिहाजा सरकार ने निर्यात पर बैन लगा दिया है। वहीं भारत में इस बार भी मानसून के बेहतर रहने की संभावना है, ऐसे में खरीफ की फसल अच्छी होगी। इससे यहां खाद्यान्न संकट की आशंका नहीं है। बावजूद इसके बढ़ती तेल कीमतों का असर यहां भी पड़ रहा है। इसके कारण महंगाई दर तेजी से बढ़ रही है। जाहिर है विश्व के तमाम शक्तिशाली देशों को मिलकर रूस-यूक्रेन युद्ध का कूटनीतिक हल निकालना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र की चिंता को कम किया जा सके और लोगों को भुखमरी से बचाया जा सके।*


(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# नफरत रोकने की पहली जिम्मेदारी भी तय हो

पुष्परंजन

अमीर लियाकत हुसैन कराची से प्रसारित 'बोल टीवी' के एंकर रहे हैं। पाकिस्तानी एंकरों में इसकी प्रतिस्पर्धा रहती है कि राष्ट्रवाद का रायता कौन, कितना फैला सकता है। अमीर लियाकत के शो का नाम था, 'ऐसे नहीं चलेगा।' कार्यक्रम कुख्यात हुआ, तो लियाकत हुसैन बजाय सबक लेने के, अपने हौसले बुलंद करते चले गये। जो गेस्ट उनसे असहमत होता, 'गद्दार' या 'काफिर' जैसे शब्द चिपकाने में जरा भी देर नहीं करते। इससे आहत मानवाधिकार कार्यकर्ता जिब्रान नासिर ने पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी (पीईएमआरए) में एंकर अमीर लियाकत की शिकायत की। इसे सही पाये जाने के बाद जनवरी 2017 में पीईएमआरए ने एंकर अमीर लियाकत पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। 'कोई शो नहीं कर सकते। बतौर गेस्ट भी टीवी पर नहीं बैठ सकते। रिपोर्टर, एक्टर, ऑडियो, वीडियो वीपर, प्रोमो, विज्ञापन कहीं भी यह शक्ल नहीं दिखनी चाहिए।' ऐसा कड़क आदेश था पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी का।

पाकिस्तान में पीईएमआरए इतना ताकतवर इसलिए है क्योंकि उसे टीवी चैनलों को लाइसेंस देने और उन्हें रद्द करने का अधिकार प्राप्त है। सवाल यह है कि भारत में सेल्फ रेगुलेशन के नाम पर जो कुछ हुआ है, वह कितना सही है? क्या हमारे टीवी वाले सचमुच स्व नियमन को मानते हैं? सूचना प्रसारण मंत्रालय ने 2019 तक 920 चैनलों को लाइसेंस दे रखा था। इसमें सौ-डेढ़ सौ चैनलों को मई 2022 तक और जोड़ लीजिए। चैनल इसलिए खुलते हैं कि विज्ञापन के पैसे बटोरे जा सकें। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च कौंसिल (बार्क) की रिपोर्ट है कि टीवी चैनलों पर विज्ञापनों की बाढ़ में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। 'बार्क' के अनुसार, 2021 की पहली तिमाही में टीवी पर 4175 विज्ञापनदाता थे जो 2022 में इसी अवधि में बढ़कर 4259 हो गये। सबसे अधिक 54 प्रतिशत विज्ञापन हिंदी चैनल वाले बटोर रहे हैं। शायद यही कारण है कि धूम-धड़ाका सबसे अधिक इसी मोहल्ले में देखते हैं। टीवी इंडस्ट्री का पुराना फार्मूला है, 'जो दिखता है, वही बिकता है।' अब इस दिखने-दिखाने के लिए क्या कुछ करना पड़ता है, उसकी कहानी में जाना, समय बर्बाद करना है। मूल मुद्दा है, इस देश में अखबार, पत्र-पत्रिकाएं आचार संहिता के जरिये कमोवेश कंट्रोल में हैं, तो सहस्रमुखी टीवी नियंत्रित क्यों नहीं है? आप टेलीविजन की भाषा और अखबार की भाषा से ही तुलना कर लीजिए।



टीवी पर बहस या हिंसक कार्यक्रम आपको दिमागी रूप से बीमार करता है, या फिर ब्लड प्रेशर बढ़ा देता है। दरअसल, स्व-नियमन (सेल्फ रेगुलेशन) शब्द ही अपने आप में एक भद्दा मजाक है। सरकार ने 1885 टेलीग्राफ एक्ट, 1993 में इंडियन वायरलेस टेलीग्राफी एक्ट, फिर 1995 में केबल टीवी नेटवर्क नियमन कानून के हवाले से प्रसारकों को नियंत्रित करने की दिखावटी चेष्टा की थी। अगस्त 2021 में ब्रॉडकास्टर एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) जैसी संस्था को नई पैकिंग के साथ पेश किया गया। यदि ये बिना दांत के साबित हो रहे हैं, तो इन्हें भंग क्यों नहीं करते? 70-80 चैनल 'एनबीडीए' के सदस्य हैं, बाकी चैनल स्व नियमन के आधार पर चल रहे हैं। 'एनबीडीए' में भी जो दबंग सदस्य हैं, उनके चैनल किसी नियमन की परवाह नहीं करते। सरकार के समक्ष टीवी इंडस्ट्री पर नकेल न कसने की विवशता केवल इसलिए है कि इनमें से शत-प्रतिशत सत्ता समर्थक हैं? एक अपुष्ट खबर भाजपा के हवाले से आई कि सितंबर 2014 से 3 मई 2022 तक उसके डाटा बैंक में मौजूद बाइट्स में ढाई हजार के करीब ऐसे बयान थे, जो विद्वेष फैलानेवाले अतिसंवेदनशील थे। इस आधार पर 38 नेताओं को चेतावनी दी गई है कि इससे बाज आयें। अब सवाल बाकी पार्टियों से भी है कि क्या उनके प्रवक्ताओं-नेताओं ने टेलीविजन और सोशल मीडिया पर उन्माद फैलाने का काम नहीं किया होगा? देश के सभी दलों को आत्म-निरीक्षण करना चाहिए। इस समय देश-दुनिया में बहस, ज्वलनशील बयानों वाले बंटी-बबली प्रवक्ताओं के बयान पर हो रहे हैं। मगर, बहस इस पर भी होनी चाहिए कि लाइव शो में एक एंकर की भूमिका कैसी हो? आग भड़काने वाली या आग बुझाने वाली? जब संप्रदाय विशेष के आराध्य को अपमानित करने वाले शब्द बोले जा रहे थे, उस समय शो होस्ट करने वाली एंकर को क्या तत्काल हस्तक्षेप कर उसे नहीं रोकना चाहिए था? इस देश में एंकर के शो पर कम विमर्श होता है, उसकी सेलरी और पहुंच पर ज्यादा परिचर्चा होती है। सोचिए, 'सेल्फ रेगुलेशन' अमेरिकन टीवी इंडस्ट्री में क्यों नहीं है? वहां आप टीवी पर गलत विज्ञापन चलाने का दुस्साहस करेंगे, 'फेडरल ट्रेड कमीशन' तुरंत दबोच लेगा।

# दबंग होते चीन से निपटने की रणनीति

जी पार्थसारथी



टोक्यो में मई 23-24 को संपन्न हुए क्वाड शिखर सम्मेलन में कुछ दूरगामी नीति निर्णय लिए गए जिससे कइयों को हैरानी हुई। आमतौर पर यह माना जाता था कि क्वाड और कुछ नहीं बल्कि केवल बातें बनाने वालों का मंच है, जिसका काम भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया के बीच मलक्का की खाड़ी क्षेत्र में कुछेक नौसैन्य अभ्यास करने तक सीमित है। इसके अलावा क्वाड के बीच अंदरूनी गंभीर मतभेद भी हैं। मसलन, रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर भारत एक ओर है तो दूसरी ओर अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का रुख। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर रखा है कि भारत यूक्रेन में हुई रूसी कार्रवाई पर उसकी आलोचना करने वाले किसी प्रस्ताव या काम में साथ नहीं देगा। तब संगठन को लगा कि अच्छा होगा कि मुख्य ध्यान हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र की स्थिति पर केंद्रित रखा जाए। इससे अधिक महत्वपूर्ण यह कि क्वाड के विषयक उद्देश्य, मसलन क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग और पर्यावरण बदलाव, एकदम स्पष्ट हों।

भारत ने समझदारी दिखाते हुए 'वृहद एशिया-प्रशांत मुक्त व्यापार समूह' की सदस्यता नहीं ली। लालची कार्य-नीति वाला चीन भी इसका सदस्य है। इन्हीं चीनी तौर -तरीकों के कारण भारत-चीन व्यापार असमानता लगातार बढ़ती जा रही है, यह अंतर पिछले दो सालों में 72.91 बिलियन से बढ़कर 94.16 बिलियन डॉलर हो गया है। फिर, आसियान संगठन के साथ भारत ने मुक्त व्यापार संधि करते वक्त शुरू में जो उम्मीदें जगाई थीं, वह भी पूरी नहीं हो पाईं। इस समूचे परिप्रेक्ष्य में यही ठीक था कि भारत ने 13 देशों की 'हिंद-प्रशांत आर्थिक तंत्र संधि' की सदस्यता ले ली जिनको अमेरिका ने क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान इकट्ठा किया है। इस संधि में क्वाड के चारों सदस्यों के अलावा आसियान संगठन के ब्रूनेई, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपींस, थाइलैंड, वियतनाम, न्यूजीलैंड और दक्षिण कोरिया हैं। इस नए समूह में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण आसियान देश फिलीपींस और वियतनाम भी हैं, जिनको लंबे समय से अपनी थलीय-जलीय सीमाओं में चीनी घुसपैठ झेलनी पड़ रही है। भारत चाहता है कि बंगाल की खाड़ी के अपने सभी पड़ोसियों के साथ सहयोगात्मक रुख रखे, इस सागरीय क्षेत्र में क्वाड के चारों सदस्य देशों के भावी संयुक्त नौसैन्य अभ्यासों से इन कोशिशों को बल मिलेगा। जब अभ्यास मलक्का खाड़ी में हों तो इंडोनेशिया, वियतनाम और अन्य को शामिल करने के प्रयास हों। क्वाड शिखर बैठक ऐसे वक्त पर हुई है जब दुनिया का ध्यान मुख्यतः यूक्रेन पर रूसी कब्जे से निपटने में लगा है। निस्संदेह इसका हल अंततः राजनीतिक होगा। अब रूस पूरी तरह से आश्वस्त है कि उसने सागरों तक पहुंच के अपने दक्षिणी मार्ग सुरक्षित कर लिए हैं। शायद यही समय है अमेरिका को याद दिलाने का कि कैसे बांग्लादेश युद्ध के दौरान निक्सन-माओ के बीच दोस्ती बनी और आगे भारत के परमाणु कार्यक्रम को सीमित, रोकने या नष्ट करने की कोशिशें की गई थीं, खासकर कार्टर-क्लिंटन के शासन में।

अमेरिकी कोशिशें 1998 में भारतीय परमाणु अस्त्र परीक्षणों के बाद खत्म हुईं। तब भी रूस ने भारत की परमाणु नीतियों का समर्थन किया था। उग्र और आक्रामक होते चीन के उद्भव ने हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में सामरिक समीकरण बदल डाले। चीन ने अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर लगभग सभी पड़ोसी मुल्कों की थलीय-जलीय सीमाओं में घुसपैठ और कब्जे बनाने शुरू किये, इन देशों की गिनती 16 है। सूची में भारत, इंडोनेशिया, वियतनाम, फिलीपींस, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, ब्रूनेई, नेपाल, लाओस, म्यांमार और मंगोलिया शामिल हैं। चीन अपने जलीय-थलीय इलाकाई दावों में सैन्य ताकत इस्तेमाल करने में भी नहीं झिझकता। अतः क्वाड हेतु आसियान मुल्कों जैसे कि फिलीपींस, सिंगापुर और इंडोनेशिया को मलक्का खाड़ी में संयुक्त सैन्य अभ्यासों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना उपयोगी होगा। टोक्यो शिखर वार्ता में सबसे महत्वपूर्ण जो तत्व उभरा है और जिसे अमेरिका ने मान्यता दी है कि चीन से दरपेश चुनौतियों से निबटने के लिए क्वाड को सैन्य ताकत से परे जाकर क्षेत्र की समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक सहयोग भी बनाना होगा। अतः क्वाड शिखर सम्मेलन के वक्त अमेरिका प्रायोजित हिंद-प्रशांत आर्थिक तंत्र नामक नया संगठन बनाया गया। भारत समेत चारों क्वाड मुल्कों के अलावा इसमें नौ अन्य देश हैं। हालांकि इसको सफल बनाने के लिए काफी विचार-विमर्श की जरूरत है ताकि हिंद-प्रशांत आर्थिक तंत्र एक अर्थपूर्ण सामरिक समूह बन सके। जहां भारत, जापान और आसियान सदस्यों को हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में चीन के बढ़ते कारनामों पर पैनी नजर रखनी होगी, वहीं ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को अपनी दृष्टि प्रशांत महासागर के छोटे द्वीपों में चीन की बढ़ती गतिविधियों पर केंद्रित करनी होगी। निस्संदेह हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में जो घटित हुआ है उससे चीन बहुत खुश नहीं। अभी तक चीन श्रीलंका को अपने सबसे बुरे आर्थिक संकट से उबारने में कोई मदद नहीं कर पाया। जापान की सहायता से भारत को कोलंबो बंदरगाह विकसित करने का काम मिलने पर भी चीन प्रसन्न नहीं होगा। आगे, इसके तुरंत बाद, भारत और श्रीलंका ने जाफना के तटों पर जो तमिलनाडु के काफी पास है, तीन पनबिजली परियोजनाएं बनाने का समझौता किया है। पहले यह काम चीन को मिलना था। हिंद महासागर क्षेत्र में क्वाड की रुचि के साथ, भारत को पड़ोसी मुल्कों का साथ चीन से भी संतुलन बैठाना होगा।

# आयुर्वेद के नियम से खाएं लंबी उम्र बढ़ाएं


## न करें खाने से जुड़ी ये गलतियां



डाइटिंग चाहे हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए की जाए या वजन कम करने के लिए, अगर इसे एक लिमिट में किया जाए तो कोई बुराई नहीं। खान-पान में आयुर्वेद के कुछ नियम फॉलो करके भी हम वजन नियंत्रित रख सकते हैं और लंबी उम्र जी सकते हैं।

हमें कभी-कभी इस बात का एहसास नहीं होता की अपनी लाइफस्टाइल में थोड़ा सा चेंज करके हम लंबे वक्त तक हेल्दी रह सकते हैं। आयुर्वेद में कई जांची-परखी गाइडलाइन्स हैं जिनसे हम खाना खाने का सही समय क्या है, सही बॉडी पॉस्चर और यहां तक कि किस चीज के साथ क्या खाना है, ये सब जान सकते हैं। अगर आप भी हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना चाहते हैं और फिट रहना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ कारगर टिप्स हैं। इनके लिए आपको ज्यादा मशक्कत करने की जरूरत नहीं...

### पर्याप्त मात्रा में फैट न लेना



लोग सोचते हैं कि हेल्दी डाइट लेनी है तो सबसे पहले इससे फैट हटा देना चाहिए। हालांकि यह सच नहीं है। आयुर्वेद के मुताबिक शरीर को कुछ फैट्स की भी जरूरत होती है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो फैट बिल्कुल छोड़ने के बजाय अपने लिए सही फैट चुनें।

### बहुत ठंडा पानी पीना



गर्मियों में हम सभी को ठंडा पानी पीने का मन करता है। ऐसा करने से आपकी प्यास भी नहीं बुझती साथ ही आपके शरीर के तापमान को अचानक झटका मिलता है। इससे गैस्ट्रिक जूस का फ्लो बंद हो जाता है। आयुर्वेद के हिसाब से पानी कमरे के तापमान पर होना चाहिए और धीरे-धीरे पीना चाहिए ताकि शरीर के हर अंग तक पहुंच सके।

### हाथ न धोना

आयुर्वेद में साफ-सफाई को काफी महत्व दिया गया है। खाने से पहले हाथ धोना बेहद जरूरी है। इसलिए अगर आप जल्दबाजी में सिर्फ पानी से हाथ धोकर खाने बैठ जाते हैं तो अब अच्छी तरह से हाथों को सैनिटाइज करके या हैंडवॉश से धोकर ही खाना खाएं।



### खड़े होकर खाना-पीना

कई बार जल्दबाजी और टीवी वगैरह देखने के चक्कर में हम खड़े होकर खाना खाने लगते हैं। यह बहुत ही अनहेल्दी है। आयुर्वेद के मुताबिक खाने को आराम से मजे लेकर खाना चाहिए। जब आप खड़े होकर खाते हैं तो डाइजेशन की प्रक्रिया रुक जाती है। इसलिए खाते वक्त सही पॉश्चर होना बेहद जरूरी है, इसके अलावा पानी भी कभी खड़े होकर न पिएं।

### खाने का गलत कॉम्बिनेशन लेना

सही डायट के लिए कुछ फूड कॉम्बिनेशंस हैं जिन्हें लेने से बचना चाहिए। इनसे शरीर का वात, पित और कफ बैलेंस बिगड़ जाता है। ऐसे ही कुछ गलत कॉम्बिनेशंस हैं-शहद के साथ घी, खरबूजे या केले के साथ दूध, अंडे के साथ फल लेना। वहीं खीरे के साथ नींबू भी नुकसान करता है।

## हंसना मना है

पति: खाना खिला दो, बहुत भूख लगी है। पत्नी: बस 5 मिनट नागिन देख लूं। पति: वह तो शीशे में भी देख सकती हो। इसके बाद पति को 2 दिन बाद अस्पताल में होश आया।

पप्पू ने पड़ोसी के बच्चे को पीटा। उसकी मम्मी गुस्से में शिकायत लेकर आई। पप्पू ने कहा, यह आपका बच्चा है। लेकिन आपकी उम्र तो इतनी नहीं लगती! यह सुनकर मम्मी हंसते-हंसते वापस अपने घर चली गई।

दो शराबी बैठकर आसमान को देख रहे थे। पहला: यह चांद है या सूरज। दूसरा: पता नहीं यार, मैं तो इस शहर में नया हूं।

हप्पू को लेने के लिए यमराज आया। हप्पू ने कहा: मैं तो अभी स्वस्थ हूं। मेरी उम्र भी इतनी ज्यादा नहीं हुई है। यमराज: तुम अपना फोन बिना लॉक किए घर में छोड़ आए हो और वह तुम्हारी पत्नी के हाथ लग गया है। हप्पू: तो फिर चलिए। रुके किस लिए हैं।

कुछ लोग गर्मियों में इतना पानी पीते हैं कि पेट के चूहे भी बोल पड़े थोड़ा खाना भी डाल दे। थक गए हैं तेरे स्विमिंग पूल में डुबकी लगा लगाकर।

## कहानी | मीकू की समझदारी

एक बार एक जंगल में नए साल के जश्न को मनाने का फैसला लिया गया। जंगल के राजा शेर ने पुरे जंगल के जानवरों को दावत देने का ऐलान किया। सभी जानवर राजा के इस ऐलान को सुनकर बहुत खुश हुए। जंगल के राजा शेर ने दावत के लिए एक मैदान को सुनिश्चित किया। दावत का इंतजाम करने के लिए राजा ने सभी जानवरों को एक-एक काम सौंप दिया। जश्न की तैयारियां बड़े ही जोरों शोरों से चल रही थी। इसी बीच हाथियों के सरदार गजराज और उनके साथियों को दावत के लिए सभी जरुरी सामान का इंतजाम करने की जिम्मेदारी दी गई। गजराज ने यह जिम्मेदारी उठाने के लिए एक दल बनाया। इस दल में हाथियों के अलावा जिराफ, जेबरा और दुसरे बलशाली जानवरों को भी रखा गया। जंगल में एक खरगोश भी था, नाम था जिसका मीकू। मीकी के छोटा होने के कारण उसे किसी भी काम की जिम्मेदारी नहीं दी गई। मीकू का भी इस आयोजन में अपना कुछ योगदान देने का बहुत मन था। लिहाजा उसने गजराज को अपने मन की बात बताई। पहले तो गजराज को मीकू की बात सुनकर बहुत हसीं आई। फिर गजराज ने मीकू को समझाया और कहा, तुम दुसरे जानवरों से बहुत छोटे हो, न तो तुम कोई सामान उठा पाओगे और न ही दूसरा कोई भरी काम कर पाओगे। लेकिन मीकू ने गजराज की एक न सुनी। मीकू ने गजराज से कहा, मैं भी आपके साथ रहना चाहता हूं और इस सामूहिक कार्य में योगदान देना चाहता हूं। आखिरकार, गजराज को मीकू की जिद के सामने घुटने टेकने पड़ गए और उन्होंने मीकू को अपने दल में शामिल कर लिया। लेकिन साथ ही उसे दूर से काम को देखने और पास ना आने की सख्त हिदायत भी दी। जश्न के दिन गजराज ने अपने साथियों के साथ मिलकर सारा सामान एक गाड़ी पर रखा और मैदान की और निकल पड़े। वे थोड़ी दूर चले ही थे की अचानक गाड़ी का एक पहिया टूट गया। गजराज ने गाड़ी में रखा दूसरा पहिया निकाला और टूटे पहिये को खोलकर उसकी जगह दूसरा पहिया लगाने लगे। जैसे ही उन्होंने पहिया खोला और दूसरा पहिया लगाने लगे तभी वहां से सियारों का एक झुण्ड तेजी से गुजरा और उनके पैरों में दबकर पहिये के सभी पेंच खो गए। गजराज परेशान हो गया। सभी जानवर एक दुसरे का मुंह देखने लगे, अब सामान मैदान तक नहीं ले जाया जा सकता था। तभी मीकू के दिमाग में एक उपाय आया। उसने गजराज से बोला, क्यों न हम बाकि तीनों पहियों का एक-एक पेंच खोल कर चोथे पहिये में लगा लें क्योंकि सभी पहिये तीन पेंच पर भी चल सकते हैं। मीकू की समझदारी देख सभी जानवरों के चहरे खिल गए। सही समय पर मीकू की समझदारी से सामान मैदान तक पहुंच गया और बड़े ही धूम-धाम से नए साल का जश्न मनाया गया। लेकिन पूरे जश्न में सिर्फ मीकू की समझदारी की ही बातें चल रही थी। आज मीकू की समझदारी के सब कायल थे।

## 6 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** वाद-विवाद से दूर रहें। क्लेश होगा। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कारोबार अच्छा रहेगा।

**वृषभ** नए काम मिलेंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश से लाभ होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**मिथुन** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

**कर्क** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। पहले की गई मेहनत का फल प्राप्त होगा। समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त हो सकती है। मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह** किसी बुरी खबर के मिलने से मन अशांत रह सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। ध्यान देना पड़ेगा। वाणी पर संयम रखें। दौड़धूप अधिक रहेगी।

**कन्या** मनपसंद व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग शैक्षणिक कार्यों में सफलता प्राप्त करेगा। किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यापार अच्छा चलेगा।

**तुला** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक** कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापारिक गतिविधि पर अधिक ध्यान देना पड़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** बेवजह किसी से विवाद हो सकता है। स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि के योग हैं, अत: सावधान रहें।


**मकर** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**कुम्भ** आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। पारिवारिक चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे।

**मीन** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम मिलेंगे। डूबा हुआ धन प्राप्त होंगे के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। निवेश इत्यादि मनोनुकूल रहेंगे।

# पाप का नाश करने आ रहे 'गुरु'

साल 2022 की मचअवेटेड फिल्मों में शुमार ब्रह्मास्त्र को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मूवी से रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के बाद सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का लुक सामने आया है। बिग बी का ये लुक काफी दमदार है, इसे देखने के बाद तो उनके फैंस का दिन ही बन जाएगा।



अमिताभ बच्चन के लुक की फोटो करण जौहर, अयान मुखर्जी और आलिया भट्ट ने शेयर की है। अमिताभ के लुक से पर्दा उठाते हुए उनके कैरेक्टर गुरु को इंट्रोड्यूस किया गया है। इस लुक को शेयर करते हुए फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर ने लिखा- गुरू है गंगा ज्ञान की । काटे भाव का पाश गुरू उठा ले अस्त्र जब। करे पाप का नाश, एक ऐसी रोशनी जिसमें है... हर अंधेरे को हराने की शक्ति ये हैं गुरु। एक बुद्धिमान लीडर जो PRABHASTRA- रोशनी की तलवार को पकड़ता है।

अमिताभ बच्चन के लुक के साथ ब्रह्मास्त्र के ट्रेलर रिलीज की अनाउंसमेंट भी की गई है। अमिताभ बच्चन, आलिया और रणबीर स्टारर


बॉलीवुड मसाला

फिल्म का ट्रेलर 15 जून को रिलीज होगा। मूवी 9 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म का डायरेक्शन अयान मुखर्जी ने किया है। फर्स्ट लुक पोस्टर में अमिताभ बच्चन PRABHASTRA जिसे रोशनी की तलवार कहा गया है, उसे पकड़े हुए नजर आते हैं। बिग बी के चेहरे चोट लगी है। उनका लुक काफी इंटेंस है। अमिताभ के फर्स्ट लुक से मालूम पड़ता है कि फिल्म में उनका किरदार बेहद पावरफुल हो सकता है। फैंस को भी अमिताभ बच्चन का ये लुक काफी पसंद आ रहा है। लोगों में फिल्म देखने की बेकरारी बढ़ती दिख रही है। एक यूजर ने लिखा- आग लगा देंगे आप. दूसरे ने फायर इमोजी बनाया है। ब्रह्मास्त्र में मौनी रॉय और साउथ एक्टर नागार्जुन भी अहम रोल में दिखेंगे। मौनी का लुक भी रिवील हो चुका है। ये ट्रायलॉजी सीरीज है जिसका पहला पार्ट इस साल आएगा। फिल्म में करण जौहर के लकी मस्कट करण जौहर का कैमियो रोल होगा।

# मालदीव पहुंचते ही पूल में उतरीं अंगूरी भाभी

**भाभी जी घर पर है सीरियल में बौद्धम महिला का रोल निभाने वाली अंगूरी भाभी इन दिनों मालदीव में जमकर मस्ती कर रही हैं। इन मस्ती भरे पलों की तस्वीर शुभांगी अत्रे ने सोशल मीडिया पर शेयर की है।अंगूरी भाभी ने मालदीव की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। इस तस्वीर में अंगूरी भाभी पूल में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का तस्वीर में साइड फेस नजर आ रहा है। फोटो में एक्ट्रेस हाथ में गिलास पकड़े हुए हैं।**

इस तस्वीर में शुभांगी अत्रे बिकिनी पहने नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को शुभांगी अत्रे ने अपने



आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। तस्वीर शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- अपने दिमाग को ठीक उसी तरह शांत रखे जैसे समंदर रखता है। शुभांगी अत्रे की तस्वीर पर फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं। इन तस्वीरों पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं। कोई पूल की इस तस्वीर पर फायर वाला आइकन शेयर कर रहा है तो वहीं कुछ दिल वाला इमोजी शेयर कर रहे हैं। शुभांगी अत्रे ने सोशल मीडिया पर मालदीव की कई तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस वेस्टर्न ड्रेस में अपने फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए दिखाई दीं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने अलग-अलग स्टाइलिश ड्रेस पहने दिखाई दीं। इन तस्वीरों में अंगूरी भाभी लाइट मेकअप किए हुए दिखीं। शिल्पा शिंदे के बाद शुभांगी अत्रे ने अंगूरी भाभी का रोल निभाया। इस रोल में शुभांगी इस कदर फिट हुई कि लोगों ने उन्हें इस रोल में आसानी से स्वीकार कर लिया। इस रोल को निभाने के बाद शुभांगी की पॉपुलैरिटी दिन पर दिन बढ़ी।

बॉलीवुड | मन की बात

## अवनीत कौर ने समुद्र के बीचों बीच उठाया झूले का लुत्फ



मीडिया सेंसेशन बन चुकीं अवनीत कौर आजकल अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। अवनीत कौर जल्द ही कंगना रनौत के प्रोडक्शन में बनने वाली फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ लीड रोल में नजर आने वाली हैं। इन दिनों अदाकारा मालदीव में छुट्टियों का लुत्फ उठा रही हैं, जहां अदाकारा कभी पूल में मस्ती करती दिखाई देती हैं, तो कभी रेस्टॉं में फूड एंजॉय करती नजर आती हैं। अवनीत हर रोज अपने हॉलिडे की फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर रही हैं, जिन्हें लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में अवनीत कौर समुद्र के बीचों बीच झूला झूलते हुए नजर आ रही हैं। किसी तस्वीर में अवनीत शॉर्ट ब्लैक ड्रेस पहने दिखाई दे रही हैं, जिसमें वो ग्लैमरस दीवा लग रही हैं। तस्वीरों में अवनीत कौर का स्लिम और टोंड फिगर भी नजर आ रहा है, एक्ट्रेस ने यहां एक से बढ़कर एक हॉट पोज दिए हैं। अपने इस लुक को अदाकारा ने बोल्ड मेकअप से पूरा किया है और साथ ही मैचिंग हैंड बैग उनके लुक्स को कॉम्पलिमेंट कर रहा है।

## दुनिया का सबसे रहस्यमयी गांव! जहां बड़े होते ही लड़के में बदल जाती हैं लड़कियां



लड़के और लड़कियों के लिए यौवन एक अजीब समय होता है। इस दौरान युवक-युवतियों की आवाज भारी होने लगती है और जमकर मूड स्विंग होने लगता है। आज हम आपको एक ऐसे रहस्यमयी गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां एक उम्र के बाद लड़कियां, लड़के में बदल जाती हैं। क्या हुआ? यह बात जानकर चौंक गए न आप! डेली मेल की खबर के अनुसार, डोमिनिकन रिपब्लिक देश में एक गांव है ला सेलिनास। इस गांव की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि एक खास उम्र के बाद यहां की कुछ लड़कियों का जेंडर चेंज हो जाता है। इसके बाद वह लड़का बन जाती हैं। इस रहस्य का वैज्ञानिक भी पता नहीं लगा सके हैं। इस गांव की कई लड़कियां 12 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते लड़के में तब्दील हो जाती हैं। लड़कियों के लड़का बनने की बीमारी के कारण इस गांव के लोग काफी परेशान रहते हैं। यह गांव समुद्र के किनारे बसा है। इसकी आबादी छह हजार के आस-पास है। अनोखे आश्चर्य के कारण दुनियाभर के शोधकर्ताओं के लिए यह गांव रिसर्च का विषय बना हुआ है। डॉक्टर्स कहते है कि यह एक आनुवंशिक विकार है। इस बीमारी से ग्रसित बच्चों को स्थानीय भाषा में सूडोहर्माफ्रडाइट कहा जाता है। बता दें कि जिन लड़कियों में यह विकार होता है। एक उम्र के बाद उनके शरीर के अंग पुरुषों जैसे बनने लगते है। जहां लड़कियों की आवाज पतली होती है, वहीं उनकी आवाज भारी होने लगती है। इस रहस्यमयी बीमारी से गांव का 90 में से एक बच्चा जूझ रहा है।

अजब-गजब | इको मरमेड के रूप में बनाई पहचान

# 12 घंटे लगातार तैराकी कर महिला ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

जिन्हें एक बार पानी और समंदर से प्यार हो जाए फिर तो उसे कोई उन लहरों से दूर नहीं कर सकता। कुछ सागर प्रेमी इसका आनंद तट पर मौजमस्ती कर उठाते हैं. कुछ लहरों पर चलकर अपनी इच्छापूर्ति करते हैं तो कुछ ऐसे होते हैं जो अपने इस प्यार के चलते दुनिया में पहचान जाने लगते हैं, उन्हीं में से एक हैं मर्ले लीवंड। फ्लोरिडा की मर्ले लीवंड ने अपने मोनोफिन तैराकी के चलते इको मरमेड के रूप में पहचान बनाई। वो तैराक और संरक्षणवादी हैं, जिन्होंने USA के मियामी बीच पर तैरते हुए 11 घंटे और 54 मिनट बिताया और एक मोनोफिन के साथ सबसे दूर तैरने का अपना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। लीवंड मूल रूप से एस्टोनिया, नॉर्थ यूरोप की रहने वाली हैं और 11 साल पहले फ्लोरिडा में ट्रांसफर करके आई। बिना हाथों के इस्तेमाल के सिर्फ पैरों पर मोनोफिन पहनकर की थी तैराकी। इको मरमेड के नाम से जानी जाने वाले लीवंड ने मोनोफिन पहनकर समंदर में 26.22 मील तैरकर गजब के कारनामे को अंजाम दिया। इस कारनामे के साथ ही उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। लीवंड नें 2021 में में रिकॉर्ड बनाया था। जो कि 18.6 मील की तैराकी का था। जो शायद



लिंडे लीवंड का अपनी क्षमता से कम लग रहा था। तभी तो उन्होंने बिना ज्यादा इंतज़ार किए जिसके बाद 2022 में उन्होंने फिर एक प्रयास किया इस बार 26.22 मील तैरकर खुद का बनाया रिकॉर्ड ही तोड़ डाला। और नया वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। लीवंड एख सीरियल रिकॉर्ड ब्रेकर भी हैं, जिन्होंने सिर्फ दो ही नहीं बल्कि 4 विश्व रिकॉर्ड बनाएं हैं। लीवंड एक प्रतिस्पर्धी तैराक है, जो समंदर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मोनोफिन पहनकर तैराकी करती हैं। उहोंने बताया कि वो एक ऑटो-इम्यून स्वास्थ्य समस्याओं के साथ पैदा हुई थी और तैराकी के जुनून ने उन्हें अपनी ओर खींच लिया। समंदर में लंबी तैराकी के दौरान उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ा। उन्हें बीच समंदर में एक जेली फिश ने अपना शिकार बनाने की कोशिश की और जोर से काटा। बेतहाशा दर्द के बाद भी उन्हें लक्ष्य को पार करने के आगे कुछ और नहीं चाहिए था। वो इस दर्द को अपनी कामयाबी के रास्ते का रोड़ा नहीं बनने देना चाहती थी। लिहाजा उन्होंने हर दर्द सहकर अपनी तैराकी जारी रखी, वहीं एक बार उनके मुंह में एक छोटा प्लास्टिक का टुकड़ा भी चला गया जिससे उन्हें जागरूकता का भी ख्याल आया।

# बिना भेदभाव हर वर्ग को सरकार दे रही योजनाओं का लाभ : सीएम योगी

» सभी जिलों में बन रहे मेडिकल कॉलेज, तेजी से आगे बढ़ रहा यूपी

» पांच करोड़ युवाओं को दिए जाएंगे स्मार्टफोन और टेबलेट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र व उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने लाभार्थियों का व्यापक समूह तैयार किया है। आज समाज के हर एक तबके को बिना भेदभाव सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।**

उन्होंने कहा कि 2014 में देश का भाग्य बदलने के लिए जनता जनार्दन ने पीएम मोदी को बागडोर सौंपी। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक व सकारात्मक बदलाव आया है। हरेक स्तर पर जन कल्याणकारी योजनाओं को मजबूती से लागू किया गया है। केंद्र सरकार की योजनाओं को उत्तर प्रदेश में लागू करने के लिए पूर्व कि राज्य सरकार बाधक बनती थी। इन बाधाओं को तोड़ते हुए 2017 में यूपी की जनता ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत वाली भाजपा की सरकार बनाई। उसका असर यह है कि आज उत्तर प्रदेश में सरकार की योजनाओं का लाभ करोड़ों लाभार्थियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन, सौभाग्य योजना से निशुल्क बिजली कनेक्शन, अंत्योदय कार्ड धारकों को मुफ्त राशन, युवाओं के लिए मुद्रा, स्टैंडअप, स्टार्टअप की योजनाएं, डिजिटल इंडिया के जरिए घर बैठे विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी का लाभ समाज में हर तरफ नजर आता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों, नौजवानों, महिलाओं, गरीबों सभी को अपनी योजनाओं से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की तरफ कदम बढ़ा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। बस्ती, देवरिया, सिद्धार्थनगर में मेडिकल कॉलेज संचालित हो चुके हैं। कुशीनगर में बन रहा है और महाराजगंज में पीपीपी मॉडल पर इसके निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जन जन तक पहुंच रहा है। रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह के साथ ही गरीब कल्याण योजनाओं के प्रति जनता में नया विश्वास जागृत हुआ है। दो लाख कन्याओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा 12 लाख को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित किया गया। युवाओं को डिजिटली फिट रखने तथा उनके स्किल डेवलपमेंट के लिए अब तक 16 लाख टेबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए जा चुके हैं। अगले पांच साल में पांच करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन व टेबलेट मिलेंगे।

# निर्माणाधीन घर में छत से लटकता मिला बच्चे का शव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

» मामले की जांच-पड़ताल कर रही पुलिस

**ललितपुर। जिले एक 10 वर्षीय लड़के का शव एक निर्माणाधीन घर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। परिजनों के मुताबिक, लड़का शाम पांच बजे से अपने घर से गायब था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।**

सदर कोतवाली अंतर्गत बड़ा पुरा निवासी रामचरण कुशवाहा के 10 वर्षीय पुत्र सोनू कुशवाहा का शव उसी के चाचा के निर्माणधीन घर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घर के बाहर ताला लगा था। परिजनों के मुताबिक, सोनू कक्षा पांचवी का छात्र था। वह शाम से घर से गायब था। मां ने जब चाय पीने के लिए उसे ढूंढा तो वह कहीं नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद परिवार ने चाचा के निर्माणधीन घर का ताला खोला तो वहां सोनू की लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस अफसरों का कहना है कि इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है।

# बहराइच : पिता को उतारा मौत के घाट, सनसनी

» धारदार हथियार से की हत्या, पैसे के लेन-देन को लेकर हुआ था विवाद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर के मजरे ढोढे पुरवा में बीती रात बेटे ने पिता पर धारदार हथियारों से हमला कर लहूलुहान कर दिया, जिससे अवधराम कश्यप की मौत हो गई। घटना से गांव में कोहराम मच गया। देर रात पैसे के लेन-देन में हुए विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि बेटे बबलू ने हंसिया से सिर पर वार कर दिया। जिससे अवधराम कश्यप 70 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लेकर स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**

ग्रामीणों ने बताया पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद पुराना था। गांव स्तर पर दोनों में सुलह समझौता भी हो गया था। बावजूद इसके शराबी बेटा लगातार पिता को तंग किया करता था। एक सप्ताह पूर्व बबलू बाहर से कमाकर घर आया था, तभी से क्लेश चल रहा था। रात में शराब के नशे में हमला कर उसने पिता को मौत के घाट उतार दिया। सीओ वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि हत्या की जानकारी मिलते ही कार्रवाई की गई और देर रात से ही दबिश डाली जा रही है। मृतक की पत्नी ननक्काई देवी की तहरीर पर पुत्र बिश्वनाथ उर्फ बबलू पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अवध राम के पांच लड़के व दो लड़कियां थीं, जिसमे तीसरे नंबर के बेटे बबलू से विवाद हुआ था। बबलू लगातार पैसों की मांग कर रहा था।



# सड़क हादसे में एक की मौत,18 घायल

## कंटेनर से टकरायी बारातियों से भरी जीप, चार की हालत गंभीर, रेफर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**जौनपुर। जिले में बीती रात बारातियों से भरी जीप कंटेनर से टकरा गई। हादसे में जीप सवार एक किशोर की मौत हो गई जबकि 18 लोग घायल हो गए। चार की हालत गंभीर है। बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।**

खुंशापुर गांव निवासी अमरू निषाद के घर से बारात सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बैजाराम पुर गई थी। देर रात बाराती जीप पर सवार होकर घर लौट रहे थे। चालक नरी गांव निवासी छोटू यादव के अलावा जीप में 17 किशोर सहित कुल 19 लोग सवार थे। वाराणसी-लखनऊ मार्ग पर जीप चालक गलत लेन में चला गया। तभी वाराणसी की तरफ जा रहे कंटेनर से सीधी टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि जीप के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल 14 वर्षीय बादल निषाद पुत्र बृजलाल, 10 वर्षीय सौरभ निषाद पुत्र हरिकेश, 15 वर्षीय संदीप निषाद पुत्र राजनाथ, 9 वर्षीय निलेश निषाद पुत्र श्यामू निषाद, 9 वर्षीय अजय निषाद पुत्र श्रीप्रकाश निषाद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान अजय की मौत हो गई। वहीं नीलेश को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। इसके अलावा घायल अन्य बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।




# अनियंत्रित बाइक खंती में गिरी, दो की मौत

**बांदा। बांदा जिले में बरात में शामिल होकर वापस लौट रहे बाइक सवार युवक हादसे के शिकार हो गए। अनियंत्रित बाइक खंती में घुस गई, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, दो घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के मोटिहारी गांव से सीमावर्ती मध्य प्रदेश के नरादहा (सतना) बारात गई थी। रात में तीन बजे लौटते समय बाइक कस्बे के निकट सड़क किनारे खंती में गिर गई। इस हादसे में दूल्हे के चचेरे भाई विष्णु यादव (20) और पुत्तू पाल (21) की मौत हो गई। साथ में वापस आ रहे गांव के ही नरेश और बबुआ उर्फ नितेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।**

# गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी नहीं करती हैं सबा नकवी

» 4पीएम की परिचर्चा में उठे कई सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। विवादास्पद बयान के मामले में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच दिल्ली पुलिस ने नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल पर एफआईआर दर्ज की है लेकिन इस मामले में वरिष्ठ पत्रकार सबा नकवी पर भी एफआईआर दर्ज की गई है। सवाल यह है कि पत्रकारों के खिलाफ दमन की ये कार्रवाई कब तक जारी रहेगी? इस मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार समीरात्मज मिश्र, सैयद कासिम, सुशील दुबे, उमाकांत लखेड़ा, प्रो. रविकांत और अभिषेक कुमार के साथ एक लंबी परिचर्चा की।**




समीरात्मज मिश्र ने कहा अभिव्यक्ति की स्वत्रतंता है। बावजूद खबरें लिखने के बाद कइयों के खिलाफ एफआईआर हुई है। सबा नकवी ने ट्वीट नहीं बल्कि रिट्वीट किया था। किसी की भावना भड़क रही है, वो जाकर एफआईआर दर्ज करा देता है मगर कोर्ट तय करता है क्या सही क्या गलत है। उमाकांत लखेड़ा ने कहा, सबा नकवी मामले में टिप्पणी नहीं है और हाल की घटनाओं में तो बिल्कुल नहीं है। गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी वे कभी करती ही नहीं। दिल्ली पुलिस व सरकार सॉफ्ट टारगेट ढूढ़ते हैं। उसके खिलाफ एफआईआर कर दूसरे लोगों को भी डराने का काम करते हैं। प्रो. रविकांत ने कहा, पुलिस की जो भूमिका है, कई बार संदेहास्पद हो जाती है। आज जिस तरह से पुलिस तंत्र चल रहा है उसे ऊपर से निर्देश आते हैं, वहीं करना है। उनके पास कानून का विवेक नहीं है। एफआईआर दर्ज करने से पहले विवेचना होनी चाहिए, पूछताछ होनी चाहिए, मगर ऐसा नहीं है। सुशील दुबे ने कहा, पूर्वांचल की नमक रोटी की खबर छापने वाला पत्रकार कैंसर से मर जाता है, उसकी खबर रोक दी जाती है। उन्नाव व कानपुर देहात में पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इससे आत्मा दुखती है। देश के गद्दारों को गोली मारो जैसे कहने वाले लोग मंत्री बन जाते हैं तो देश की आत्मा दुखती है। लिंचिंग के नाम पर एक बेकसूर को मार दिया जाता तो आत्मा दुखती है।

सैयद कासिम ने कहा, सबा नकवी ने बीजेपी, संघ व अटल बिहारी जैसे लोगों को कवर किया तो भी इस मुल्क में उन पर एफआईआर दर्ज हुई। नुपुर पर एफआईआर दर्ज होने में इतना दिन लग गया मगर सुरक्षा मिलने में एक दिन भी नहीं लगा तो क्या कहा जाए?

**परिचर्चा**
**रोज शाम को छह बजे देखिए 4PM News Network पर एक ज्वलंत विषय पर चर्चा**



# योगी के मंत्रियों में मुझसे आंख मिलाने की हिम्मत नहीं : आजम

» भाजपा के साथ आज भी अदावत है और कल भी रहेगी

» रामपुर में सपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां ने कहा कि हमने कभी किसी के साथ धर्म और जाति के नाम पर कोई फर्क नहीं किया। किसी के साथ ज्यादती नहीं की। मालूम नहीं कौन भाजपा, बसपा, कांग्रेस का है। कांग्रेस वालों से तो लड़ाई नहीं थी, लेकिन भाजपा वालों के साथ कल भी अदावत थी, आज भी अदावत है और मरने के बाद हमारी कब्र की भी अदावत रहेगी। वो भी उसूलों की बुनियाद पर। हमारी कोई निजी लड़ाई नहीं है। इसलिए, हमारे आपस के रिश्तों में कोई खटास नहीं आनी चाहिए। जात और धर्म की बुनियाद पर कोई फर्क नहीं होना चाहिए।**

तोपखाना स्थित दारूल अवाम पर सपा नेता आजम खां ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने सपा प्रत्याशी आसिम राजा के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रामपुर को न सिर्फ हम दुनिया के नक्शे पर लेकर आए हैं। बल्कि पूरी दुनिया जानती है कि रामपुर के साथ बहुत जुल्म हुआ है। हम सिर्फ एक बार विधानसभा में शपथ ग्रहण के लिए गए थे। वहां भाजपा के वजीरों और एमएलए के सिर नहीं उठ रहे थे। उन्हें मालूम था कि वो मुझसे आंख नहीं मिला सकते। हम पर सिर्फ एक ही जुल्म रह गया था कि बची हुई जान निकाल लें। उन्होंने कहा कि हमने सुना है कि यहां लोग शम्सी और गैर शम्सी का सवाल उठा रहे हैं। हमें कब से ये शम्सी वोट दे रहे हैं, क्या-क्या नहीं सहा है इन्होंने। एक ऐसा चुनाव था, जिसे जीतने के बाद इनकी दुकानों पर पथराव हुआ था। लूट ली गईं थीं दुकानें और यह कहा गया था कि तुम्हारा नबी जीत गया। अरे शम्सी और गैर शम्सी का सवाल उठाते हो। कहां से मुसलमान हो। आजम खां ने कहा कि कोई है ऐसा, जो ये कहे कि जाति की बुनियाद पर मैंने उससे फर्क किया है। आजम खां ने कहा कि अगर मेरी सियासत में भी जाति की बुनियाद पर कोई बहस होती है, तो मेरी सारी कुर्बानी, तकलीफें, सब बेकार हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जिक्र करते हुए सपा प्रत्याशी आसिम राजा को राजा बनाने की अपील की।



## जो चाहता है, हम पर इल्जाम लगा देता है

सपा नेता ने कहा कि हमारा दामन तो लोगों ने दागदार कर दिया है, जिसका जो जी चाहता है, हम पर इल्जाम लगा देता है। सपा प्रत्याशी आसिम राजा का जिक्र करते हुए कहा कि जिसने हर कदम पर हमारा साथ दिया। इस चुनाव से पहले के चुनाव में किस-किस बेइज्जती का सामना करना पड़ा इन्हें। कितनी बदतमीजियां हुई हैं इनके साथ। आज उस 40-42 साल की वफादारी के लिए हमें उस शख्श को अपने कंधों पर उठा लेना है और कामयाबी का परचम लहराकर साबित करना है कि जो फैसला हमने लिया वो इंशाअल्लाह कामयाब हुआ। आजम खां पिछले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि वो सिर्फ दहशत का चुनाव था। लगता था कि लोकतंत्र है ही नहीं। आज भी लोकतंत्र कितना है आप मुझसे बेहतर जानते हैं। सपा नेता ने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट के तारीखी फैसले न हुए होते, तो हमें आप यहां जिंदा नहीं पाते।

# महान दल के अध्यक्ष को सपा ने किया पैदल



» गिफ्ट में दी हुई फॉर्च्यूनर ले ली वापस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने गठबंधन तोड़ने के ऐलान के बाद महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य को पैदल कर दिया है। दरअसल सपा ने चुनावों से पहले केशव देव मौर्य को एक फॉर्च्यूनर गिफ्ट में दी थी, जिसे गठबंधन टूटने के बाद वापस मंगा ली है।**

दरअसल हाल के राज्यसभा और विधान परिषद चुनाव में हिस्सेदारी ना मिलने से खफा महान दल के प्रमुख केशव देव मौर्य ने बुधवार को सपा से गठबंधन तोड़ने का एलान किया था। इस दौरान मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। सपा गठबंधन में महान दल को केवल दो सीटें मिली थीं। केशव की पत्नी और बेटे को समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न साइकिल पर महान दल के प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ाया था, लेकिन दोनों पराजित हो गए। यूपी चुनाव के वक्त रामगोपाल यादव ने केशव देव मौर्य की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें भगवान श्री कृष्ण बताया था और उन्हें अखिलेश के सारथी का तमगा दिया था। रामगोपाल यादव ने तब कहा था कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के चुनावी रथ के सारथी महान दल के केशव देव मौर्य होंगे। हालांकि अब उसी सारथी का रथ छीन लिया गया है।




राजधानी लखनऊ में दिन में तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर रखा है। रात में भी भीषण उमस रही। लू व तेज धूप के चलते सड़कों पर सन्नाटा है। वहीं सड़कों पर लोग सिर व चेहरे को ढकते नजर आए। मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तापमान में वृद्धि रहने की बात कही है। वहीं रात का पारा भी 30 डिग्री के करीब है। कल का तापमान 44 डिग्री था जबकि रात का 29 डिग्री था। शनिवार का पारा दोपहर एक बजे 42 डिग्री से ऊपर था।

# केजीएमयू, लोहिया में कोविड की निगेटिव रिपोर्ट फिर जरूरी

» कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए दिए गए निर्देश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। राजधानी में संक्रमण के मामले बढ़ने के साथ अब केजीएमयू और लोहिया संस्थान में भर्ती होने के लिए कोविड-19 की निगेटिव रिपोर्ट फिर से अनिवार्य की जा रही है। फिलहाल यह सख्ती सर्दी-जुकाम और बुखार जैसे लक्षण वालों और ऑपरेशन के लिए भर्ती होने वाले मरीजों के लिए ही है।**

दोनों ही संस्थानों में मरीजों की भर्ती इमरजेंसी और ओपीडी से की जाती है। जैसे-जैसे कोरोना के केस बढ़ रहे हैं, सख्ती भी बढ़ती जा रही है। केजीएमयू और लोहिया संस्थान में इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को



तुरंत भर्ती करके इलाज किया जाता है। जिन मरीजों में कोविड के लक्षण होते हैं उन्हें भर्ती करने के बाद संक्रमण की जांच कराई जाती है। अब ओपीडी से भर्ती होने वाले मरीजों के मामले में पूरी तरह से यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। ऑपरेशन के लिए भर्ती होने वाले मरीजों पर यही व्यवस्था लागू है। केस बढ़ने और भर्ती होने के लिए कोविड जांच की अनिवार्यता की वजह से संस्थानों में कोविड जांच के लिए भीड़ बढ़ती जा रही है। इससे मरीजों का इंतजार भी लंबा हो रहा है। मरीज कोजांच कराने के लिए और फिर रिपोर्ट लेने के लिए लाइन लगानी होती है।

# करारी पराजय से बौखलाए, कर रहे माहौल खराब : केशव मौर्य

## केशव मौर्य ने हिंसा में बताया विरोधी दलों का हाथ

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जुमे की नमाज के बाद भाजपा से निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के एक बयान के विरोध में कानपुर से शुरू हुई हिंसा अब पूरे प्रदेश में फैल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस हिंसा को लेकर काफी सख्त हैं वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधा है।**

बता दें कि प्रदेश में हुई हिंसा के बाद अब तक पुलिस 227 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा में विरोधी दलों



का हाथ बताते हुए ट्वीट के जरिए हमला बोला। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2022 में करारी पराजय से बौखलाए भाजपा विरोधी दल, नेता, कट्टरपंथी देश/प्रदेश का माहौल खराब कर बदनाम करने का असफल प्रयास कर रहे हैं, कानून दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करेगा, लोग बहकावे में न आयें, शांति बनाये रखें, कोई शिकायत है तो लोकतांत्रिक तरीके से ज्ञापन दें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जिनके खुद के घर पर बुलडोजर का साया होता है वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के निलंबित की गईं प्रवक्ता नूपुर शर्मा की विवादास्पद टिप्पणी पर कल जुमा की नमाज के बाद प्रदेश के कई शहरों में विरोध के बाद हिंसा भड़की थी, जिसके बाद जिलों में पीएसी, पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स की टीमें मौके पर तैनात हैं।

# 15 को रामनगरी आएंगे ठाकरे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**अयोध्या। राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के साथ रामनगरी का रुतबा आस्था के साथ राजनीतिक क्षितिज पर भी बढ़ता जा रहा है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे का पांच जून को प्रस्तावित दौरा विरोध के चलते संभव नहीं हो सका, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि हिंदुत्व और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का मुद्दा हथियाने के लिए राजनीतिज्ञ किस कदर ललक रहे हैं। हालांकि उत्तर भारतीयों के उत्पीड़न के सवाल पर भाजपा सांसद और कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के नेतृत्व में विरोध के चलते राज ठाकरे अयोध्या नहीं आ सके, किंतु दूसरे दिन ही उनके भतीजे और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आदित्य ठाकरे की अयोध्या आगमन की तारीख जरूर तय हो गई। 15 जून को आदित्य ठाकरे अयोध्या में रहेंगे।**




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website**: www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।